भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2443

10 अगस्त, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

राष्ट्रीय शहरी डिजिटल मिशन (एनयूडीएम) की प्रगति एवं प्रभाव

2443 # श्री नीरज डांगी:

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्तमान में राष्ट्रीय शहरी डिजिटल मिशन (एनयूडीएम) के अंतर्गत कितने राज्यों एवं शहरी स्थानीय निकायों को शामिल किया गया है, और तत्संबंधी स्थिति क्या है;

(ख) मिशन के अंतर्गत नागरिकों के व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा, साइबर सुरक्षा एवं गोपनीयता सुनिश्चित करने हेतु कौन-कौन से उपाय किए गए हैं;

(ग) क्या सरकार ने इस मिशन के परिणामस्वरूप नागरिक सेवाओं की गुणवत्ता, पारदर्शिता तथा शिकायत निवारण प्रणाली में हुए सुधार के स्तर का कोई मूल्यांकन किया है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) मिशन के अंतर्गत डिजिटल सेवाओं का लाभ महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों तक पहुँचाने हेतु कौन-कौन से विशेष उपाय किए गए हैं?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री

(श्री तोखन साहू)

(क) से (घ): वर्तमान में, राष्ट्रीय शहरी डिजिटल मिशन (एनयूडीएम) अपने प्रारंभिक चरण में है। मिशन ने यूपीवाईओजी अथवा अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्मों के कार्यान्वयन के लिए, 33 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों (यूटी) के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इनमें से 18 राज्य/संघ राज्य क्षेत्र यूपीवाईओजी को अपनाने और उसके कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं। प्रारंभिक चरण के अंतर्गत, कार्यान्वयन संबंधित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों (यूटी) द्वारा किया जाता रहा है, उपर्युक्त उपायों को अपनाना और उनका कार्यान्वयन संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की अपनी विशिष्ट आवश्यकताओं एवं प्राथमिकताओं के आधार पर विवेकाधीन है।

***